**Regarding flight services from Sabeya (Hathuwa) Airfield in Gopalganj district, Bihar**

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) :** माननीय सभापति महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के हथुआ अनुमंडल में स्थित सबेया एयरपोर्ट, जो आरसीएस-उड़ान योजना में शामिल है, वह 473 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें 280 एकड़ भूमि खाली है । मेरे सांसद फंड से सीमांकन के बाद एयरपोर्ट की पिलरिंग भी हुई है । रक्षा संपदा विभाग, दानापुर द्वारा पक्की बाउंड्री और फेंसिंग के लिए 4 करोड़ 41 लाख रुपए की स्वीकृति के बाद इसकी पक्की बाउंड्री एवं फेंसिंग का कार्य चालू है ।

महोदय, इस एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 167 मीटर है । केवल गोपालगंज और सीवान जिले से सर्वाधिक संख्या में, लगभग डेढ़ से दो लाख लोग, खाड़ी के देशों में नौकरी करते हैं । गोपालगंज जिले में विदेशी मुद्रा का आगमन देश के अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक है और बिहार में प्रथम है ।

महोदय, इस एयरपोर्ट के चालू होने से गोपालगंज एवं आसपास के लगभग पांच जिलों का त्वरित विकास होगा एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा । सबेया एयरपोर्ट की कमर्शियल वाइबिलेटी के साथ-साथ ट्रैफिक डिमांड भी बहुत है । उड़ान-5 में बिडिंग राउंड्स तक कोई भी एयरलाइन ऑपरेटर सबेया एयरपोर्ट से उड़ान के लिए बिडिंग राउंड्स में शामिल नहीं हो पाए हैं । टर्मिनल बिल्डिंग डिज़ाइन का काम भी जरूरी है ।

अत: महोदय, मैं आपके माध्यम से नागर विमानन मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि सबेया एयरफील्ड हथुआ रूट पर ऑपरेशनल एक्टिविटी शुरू करने के लिए बिडिंग राउंड्स में एयरलाइन ऑपरेटर्स आमंत्रित किए जाएं, ताकि सबेया एयरपोर्ट का रिवाइवल हो सके और हमारी जनता को फायदा मिल सके ।

धन्यवाद ।